उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)
10 ए विधान सभा मार्ग, लखनऊ
ई–मेल : **shcuplko@rediffmail.com**

पत्रांक : जी–।।/3385/एस0एच0सी0/2023 दिनांक : 12/12/23

सेवा में
क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी,
लखनऊ/बरेली/ग़ाजियाबाद।

विषयः हज–2024 के इच्छुक हज आवेदकों को पासपोर्ट निर्गत किये जाने की सुविधा के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपयुक्त विषय अवगत कराना है कि हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा हज–2024 की घोषणा के अन्तर्गत हज–2024 के इच्छुक आवेदकों का ऑनलाइन आवेदन दिनांक 04.12.2023 से आरम्भ हो गया है जिसकी अन्तिम तिथि 20.12.2023 निर्धारित की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 द्वारा हज से सम्बन्धित बैठक दिनांक 11.12.2023 में निर्देश दिये गये हैं कि गत वर्षों की भांति हज–2024 के इच्छुक हज आवेदक जिन्होंने पासपोर्ट हेतु क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में आवेदन किये हैं, के शीघ्र पासपोर्ट निर्गत करने, नोडल अधिकारी नामित करने, पासपोर्ट कार्यालयों में हज सुविधा काउण्टर स्थापित करने, हज आवेदकों के लिए ऑनलाइन अपाइॅटमेंट स्लॉट आरक्षित करने तथा हज से सम्बन्धित प्रकरणों में शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें।

अतः उक्त निर्देशों के कम में अनुरोध है कि पासपोर्ट कार्यालय के सत्यापन अधिकारी, अनुदान अधिकारी एवं सेवा प्रदाता के सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें, जिससे कि हज आवेदकों के प्रकरण का निस्तारण में सुविधा हो सके व पासपोर्ट, आवेदन हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि 20.12.2023 से पूर्व निर्गत हो सकें, जिससे कि हज–2024 हेतु इच्छुक आवेदकों के ऑनलाइन आवेदन हो सकें।

भवदीय,
12.12.23
(एस.पी. तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

संलग्नक : हज कमेटी आफ इण्डिया की घोषणा।

पत्रांक ....तद्‌दिनांक।
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 को कृत कार्यवाही से अवगतार्थ।
2. निजी सचिव मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0।
3. मा0 अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य हज समिति।
4. मा0 सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति।
5. अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
6. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
7. हज सत्र –2024 पत्रावली हेतु।

(एस.पी. तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी